

**खिलाड़ी इस सीजन के बाकी समय के लिए ट्रांसफर होगा**

खिलाड़ी सिर्फ इस सीजन के बाकी समय के लिए ट्रांसफर होगा और अगले सीजन की शुरुआत में वह पुरानी फ्रैंचाइजी में वापस आ जाएगा।

## आईपीएल की मिड-सीजन प्लेयर ट्रांसफर विंडो खुली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2020 का आधा सीजन पूरा हो चुका है। सभी टीमें सात–सात मैच खेल चुकी हैं। मंगलवार से मिड–सीजन ट्रांसफर विंडो खुल गई है और पांच दिन तक यह विंडो खुली रहेगी। इसमें फ्रैंचाइजी टीमों को अपनी पोजीशन मजबूत करने के लिए दूसरी टीमों से खिलाड़ी ट्रांसफर करने का मौका मिलेगा। साथ ही जो खिलाड़ी अभी तक टीमों की स्कीम में फिट नहीं हुए हैं फ्रैंचाइजी उन्हें ट्रांसफर भी कर सकती है। सोमवार को रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया मैच सीजन का 28वां मुकाबला था। अब सभी टीमें सात–सात मैच खेल चुकी हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि किस खिलाड़ी को ट्रांसफर किया जा सकता है और किसे नहीं? केवल उन्हीं खिलाड़ियों को ट्रांसफर किया जा सकता है जिन्होंने दो या उससे कम मैच खेले हैं। दूसरी ओर, किसी खिलाड़ी ने दो से ज्यादा मैच खेले हैं उसे ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही फ्रैंचाइजी और खिलाड़ी के बीच सहमति होना भी जरूरी है। अंतिम फैसला फ्रैंचाइजी को लेना है कि वह किन खिलाड़ियों को रखना चाहता है या छोड़ना चाहता है।

# कप्तान दिनेश कार्तिक ने कहा–नए जोश के साथ आएंगे

## डिविलियर्स एक वर्ल्ड क्लास बल्लेबाज उन्हें रोकना मुश्किल था

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आईपीएल 2020 के 28वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने कोलकाता नाइट राइडर्स को को 82 रनों से करारी शिकस्त दी। आरसीबी की ओर से मिस्टर 360 डिग्री नाम से मशहूर एबी डिविलियर्स ने तूफानी पारी खेली। डिविलियर्स ने 33 गेंदों पर 73 रनों की शानदारी पारी खेली। हार के बाद केकेआर के कप्तान दिनेश कार्तिक ने भी एबी डिविलियर्स की तारीफ की।

टॉस जीतकर पहले बल्ध्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने निर्धारित ओवर में 194 रन बनाकर केकेआर को 195 रनों का बड़ा लक्ष्य दिया, मगर इस बड़े लक्ष्य के नीचे केकेआर पूरी तरह से नतमस्तक हो गई और 82 रनों से आरसीबी ने एकतरफा जीत हासिल की। हार बाद कप्तान दिनेश कार्तिक ने कहा कि डिविलियर्स एक वर्ल्ड क्लास बल्लेबाज हैं और इस तरह के मैदान में उन्हें रोकना मुश्किल था।



**डिविलियर्स की तारीफः** कप्तान दिनेश कार्तिक ने कहा कि एबी डिविलियर्स की पारी के ही जितने रन थे वो ही हार–जीत का अंतर बना। उन्होंने कहा कि हमें कुछ चीजों पर मनन करना चाहिए और उन कमियों को जल्द से जल्द बेहतर करने की आवश्कता है। उन्होंने कहा कि बैटिंग में आज केकेआर ने अच्छा नहीं किया और भी कई चीजें हैं जिसे हमें सुधारना चाहिए।

उन्होंने कहा, हमारे पास तीन दिन का ब्रेक है और हमें इसके बाद नए सिरे से शुरुआत करने की जरूरत है। यह अब तक का एक दिलचस्प आईपीएल रहा है क्योंकि पहले कई टीमें आराम से बल्लेबाजी कर रही थी। मुझे लगता है कि हर कप्तान के पास ऐसा दिन होता है, जहां सब कुछ योजना के अनुसार नहीं होता है और यह मेरे लिए उन दिनों में से एक है, मैं इसमें बहुत ज्यादा सोचना नहीं चाहता।

**रहयल चौलेंजर्स की रहयल जीत**
रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (प्च्स्) के 13वें सीजन का 28वां मैच खेला गया। शारजाह में बैंगलोर के कप्तान विराट कोहली ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 20 ओवर में 2 विकेट खोकर 194 रन बनाए। बड़े लक्ष्य का पीछा कर रही केकेआर टीम की शुरुआत ज्यादा अच्छी नहीं रही। टीम का पहला विकेट 23 रन ही गिर गया और उसके बाद निरंतर अंतराल में विकेट गिरते गए। कप्तान दिनेश कार्तिक भी एक रन बनाकर आउट हो गए। आंद्रे रसल ने जरुर कुछ शॉट्स लगाए लेकिन वो भी 10 गेदों पर 16 रन बनाकर आउट हो गए। आरसीबी की ओर से जबरदस्त गेंदबाजी हुई। क्रिस मॉरिस और वाशिंगटन सुंदर ने दो–दो विकेट लिए।

## केकेआर के खिलाफ चहल को मिलना चाहिए था मैन ऑफ द मैच: स्टोक्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

शारजाह। इंग्लैंड और राजस्थान रॉयल्स के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने कहा है कि रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच हुए मुकाबले में युजवेंद्र चहल को मैन ऑफ द मैच चुना जाना चाहिए था। सोमवार को शारजाह में हुए मुकाबले में बैंगलोर की टीम ने कोलकाता को 82 रन से बड़ी शिकस्त दी। कोलकाता के सामने 195 रन का लक्ष्य था लेकिन वह 20 ओवर में 9 विकेट पर 112 रन ही बना सकी। क्रिस मौरिस और वॉशिंगटन सुंदर ने दो–दो विकेट लिए। चहल ने चार ओवर में सिर्फ 12 रन देकर केकेआर के कप्तान दिनेश कार्तिक का विकेट लिया। स्टोक्स ने ट्वीट किया, बल्लेबाजों के इस मुकाबले में चहल को मैन ऑफ द मैच चुना जाना चाहिए था। शानदार गेंदबाजी आक्रमण खास तौर पर जब यह मैच शारजाह में खेला गया हो। चहल ने अभी तक इस आईपीएल में 10 विकेट लिए हैं। वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में 5वे नंबर पर हैं।




बैंगलोर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 194 का स्कोर बनाया था। एबी डि विलियर्स ने 33 गेंद पर 73 रन की पारी खेली थी। अपनी पारी में उन्होंने पांच चौके और छह छक्के लगाए थे। अपनी नाबाद 73 रन की पारी के लिए डि विलियर्स को मैन ऑफ द मैच चुना गया था।

विराट और डि विलियर्स ने तीसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की थी। केकेआर के लिए वरुण चक्रवर्ती सबसे किफायती गेंदबाज रहे जिन्होंने चार ओवरों में 25 रन दिए थे। कोलकाता का अगला मैच 16 अक्टूबर को मुंबई इंडियंस से होगा। बैंगलोर की टीम फिलहाल पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर है।

## राफेल नडाल या रोजर फेडरर, दोनों के नाम 20 ग्रैंडस्लैम खिताब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। स्पेनिश दिग्गज खिलाड़ी राफेल नडाल ने रविवार को पेरिस में फ्रेंच ओपन पुरुष सिंगल्स का खिताब जीतने के साथ स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर के 20 ग्रैंडस्लैम सिंगल्स खिताब जीतने की बराबरी की। इसी के साथ अब दुनियाभर में चर्चा हो रही है कि बिग थ्री में राफा, जोकोविक और रोजर फेडरर में सर्वश्रेष्ठ टेनिस खिलाड़ी कौन है? पिछले कुछ सालों में ग्रैंडस्लैम ही नहीं अधिकतर टूर्नामेंट की ट्रॉफियां इन्हीं तीनों ने जीती हैं। किंग ऑफ क्ले नडाल ने फाइनल में जोकोविक को सीधे सेटों में 6–0, 6–2, 7–5 से शिकस्त देकर अपना 13वां फ्रेंच ओपन खिताब जीता था। हालांकि, जोकोविक की नजर अपने 18वें ग्रैंडस्लैम खिताब पर लगी हुई थी। पूर्व टेनिस खिलाड़ी स्वीडन के ब्योर्न बोर्ग, अमेरिका के पीट संप्रास, जॉन मैकनरो और जिमी कोनर्स ने एक टेलीविजन चर्चा में सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी को लेकर चर्चा की लेकिन वे किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सके और इसका फैसला प्रशंसकों पर छोड़ दिया। हालांकि 34 वर्षीय नडाल ने फ्रेंच ओपन के दौरान स्वीकार किया था कि वह अपना करियर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में खत्म नहीं करेंगे।

## न्यूज डायरी



### साइना नेहवाल ने बायोपिक रिलीज से पहले शेयर की तस्वीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ओलिंपिक मेडलिस्ट शटलर साइना नेहवाल की बायोपिक जल्द रिलीज होने वाली है जिसके लिए बॉलिवुड ऐक्ट्रेस परिणीति काफी मेहनत कर रही हैं। साइना ने सोमवार को एक तस्वीर शेयर की जिसमें परिणीति उनकी फैमिली के साथ नजर आ रही हैं। दुनिया की पूर्व नंबर–1 शटलर साइना ने परिणीति के साथ एक तस्वीर शेयर की। राजीव गांधी खेल रत्न से सम्मानित देश की दिग्गज महिला बैडमिंटन खिलाड़ी की इस तस्वीर में उनके पिता हरवीर और मां उषा भी नजर आ रही हैं। लंदन ओलिंपिक गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वालीं भारत की स्टार साइना नेहवाल की जिंदगी पर आध ाारित इस फिल्म को भूषण कुमार बना रहे हैं। उन्होंने पहले ही परिणीति चोपड़ा के नाम की घोषणा कर दी थी। इस फिल्म को अमोल गुप्ता निर्देशित करेंगे। इससे पहले साइना ने परिणीति का लुक भी शेयर किया था। तस्वीर शेयर करते हुए साइना ने लिखा था, श्इस सफर को साथ में पूरा करेंगे, सायना नेहवाल बायोपिक की टीम को मेरी शुभकामनाएं।

### बल्लेबाजी में केएल राहुल हैं सबसे हिट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइपीएल 2020 के 56 लीग मुकाबलों में से 28 मैच खेले जा चुके हैं और 13वें सीजन का रोमांच अभी अपने चरम पर है। हालांकि अभी कुछ हद तक तस्वीरें साफ हो चुकी हैं, लेकिन निचले पायदान पर चल रही टीमों के पास मौका है। इस सीजन के आधे लीग मैच खत्म होने के बाद बल्लेबाजी में अब तक के स्टार खिलाड़ी रहे हैं किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान केएल राहुल। हैरानी की बात तो ये है कि अब तक सबसे ज्यादा रन बनाने वाले इस बल्लेबाज की टीम 28वें मैच के खत्म होने तक अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। पंजाब के कप्तान केएल की बल्लेबाजी का जलवा अब तक तो देखने को मिला है। वो पिछले 7 मैचों में 64. 50 के शानदार औसत से 387 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक शामिल है।

### पंजाब के लिए राहत भरी खबर, क्रिस गेल हुए फिट, खेल सकते हैं आरसीबी के खिलाफे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। किंग्स इलेवन पंजाब के लिए आइपीएल 2020 अच्छा नहीं रहा है। टीम अब तक सात में से एक मैच ही जीत सकी है। टीम को अगला मैच शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ खेलना है। इस मुकाबले से पहले पंजाब के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल फूड पॉइजनिंग से उबर गए हैं और वह इस मैच में खेल सकते हैं। गौरतलब है कि टीम के हेड कोच अनिल कुंबले ने जानकारी दी थी कि पिछले हफ्ते सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ फूड प्वाइजनिंग के कारण गेल नहीं खेल पाए थे। 41 वर्षीय खिलाड़ी इस वजह शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ भी नहीं खेल सका। गेल ने अस्पताल से एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी।

### आधा आइपीएल टूर्नामेंट खत्म, चेन्नई सुपर किंग्स का हाल बेहाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग टूर्नामेंट के 13वें सीजन का पहला पड़ाव खत्म चुका है। सभी आठ टीमों ने अपने अपने सात मुकाबले खेल लिए हैं, मतलब है कि आधा आइपीएल 2020 खत्म हो चुका है। टूर्नामेंट की ताकतवर टीमों में शुमार चेन्नई सुपर किंग्स का हाल शुरुआती मुकाबलों में बेहद खराब रहा है। मौजूदा चौंपियन मुंबई इंडियंस टॉप पर बनी हुई है तो दिल्ली की टीम दूसरे स्थान पर है। आधा आइपीएल टूर्नामेंट खत्म हो चुका है और पहले हाफ के बाद अंक तालिका पर नजर डाले तो मुंबई पहले तो पंजाब आखिरी पायदान पर है। सात मैच खेल चुकी सभी टीमों में पंजाब को सबसे ज्यादा 6 हार मिली है जबकि मुंबई, दिल्ली और बैंगलोर ने दो–दो मैच गंवाया है। सातवां नंबर चेन्नई सुपर किंग्स का आता है जिसने अब तक 7 मैच खेलने के बाद सिर्फ दो जीत हासिल की है। वहीं किंग्स इलेवन पंजाब के खाते में एक ही जीत है और वह सबसे नीचे हैं।